राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–61 (लो0सू0अ0)/2022–23

Shri Rajender Kumar, C/o- Medical Colony Hospital Round, Nahan District Sirmour HP 173001

बनाम

Principal Islamia Teacher's Training (B.ED), College Pulwari College Sharif Patna-801505

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
24.11.2022	Shri Rajender Kumar, C/o- Medical Colony Hospital Round, Nahan District Sirmour HP 173001 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक– 14.10.2022 इस कार्यालय में दिनांक–21.11.2022 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का न्यायिक स्टाम्प संलग्न है। अपीलकर्त्ता Shri Rajender Kumar ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–02.07.2022/13.08.2022 को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत **Principal Islamia Teacher's Training (B.ED), College Pulwari College Sharif Patna-801505** को समर्पित किया था, परंतु लोक सूचना पदाधिकारी से सूचना/निर्णय प्राप्त नहीं होने के कारण प्रथम अपीलीय प्राधिकार–सह–राज्यपाल के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–14.10.2022 की प्रति भी संलग्न की है। विदित हो कि कोई भी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय एक स्वायत (Autonomous) संस्था है तथा यह सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत एक स्वतंत्र लोक प्राधिकार है, जिसके कारण संबंधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा अपने विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के लिए लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार को Designate किया जाता है। अतः विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत दायर होने वाले आवेदन के लिए लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार उक्त विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के अंतर्गत ही रहते हैं न कि राज्यपाल सचिवालय अथवा कुलाधिपति कार्यालय में। अतः अपीलार्थी ने गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपना अपील आवेदन समर्पित किया है। इसे अस्वीकृत किया जा सकता है। तदनुसार सभी संबंधित को सूचित करें। 24/11/2022 **विशेष कार्य पदाधिकारी** **–सह–** **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	